
## आज का पंचांग

### सूर्योदयकालीन कुंडली

कुंडली (प्रातः-5:30)




**ग्रह विचार :** सूर्य-मिथुन, चंद्र-कन्या, मंगल-वृष, बुध-मिथुन, गुरु मिथुन, शुक्र-मिथुन, शनि-तुला, राहु-तुला, केतु-मेष राशि में स्थित हैं।

### आज जन्मे बच्चें का नाम व राशि

| समय | नक्षत्र | चरण | पाया | राशि | जन्माक्षर |
|---|---|---|---|---|---|
| 05:37 | हस्त | 3 | रजत | कन्या | ण |
| 08:11 | हस्त | 4 | रजत | कन्या | ठ |
| 14:10 | चित्रा | 1 | लौह | कन्या | पे |
| 19:58 | चित्रा | 2 | लौह | कन्या | पो |
| 01:51 | चित्रा | 3 | लौह | तुला | र |

**राहुकाल :** दोपहर 03:53 से सायं 05:36 तक।

**तिथि संवत :** ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष नवमी मंगलवार प्रातः 10:10 तक, विक्रम संवत् 2070, शाके 1935, हिजरी सन् 1434, मुस्लिम माह सावान, तारीख 8, सूर्य उत्तरायण, ग्रीष्म ऋतु, 18 जून।

**सूर्योदयकालीन नक्षत्र :** हस्त नक्षत्र दोपहर 02:10 तक, इसके बाद चित्रा नक्षत्र रहेगा। वरियान् योग रात्रि 07:49 तक रहेगा। कौलव करण प्रातः 10:10 तक, इसके बाद तैतिल करण रहेगा।

**शुभाशुभ ज्ञानम् :** श्री महेश नवमी, माहेश्वरी नवमी, श्री हरि जयंती, गंगा दशमी, स्वयं सिद्ध अबूझ मुहूर्त, गंगा दशहरा व्रत समाप्त, मेला गंगा दशहरा हरिद्वार।

## तारे सितारे

डॉ. विनोद शास्त्री

**मेष | 21 मार्च से 20 अप्रैल**

कारोबारी सौदे सोच-समझकर हाथ में लें। बात रखने का सही समय है। युवाओं को कॅरिअर की चिंता रहेगी। प्रियजन से कहासुनी होने का भय रहेगा।

शुभ अंक-2, शुभ रंग-हरा

**वृषभ | 21 अप्रैल से 20 मई**

पुराने मामले परेशान करेंगे। समझौतावादी नीति लाभदायी रहेगी। जल्दी काम निपटाने का दबाव रहेगा। प्रियजन से मुलाकात सुखद रहेगी।

शुभ अंक-8, शुभ रंग-काला

**मिथुन | 21 मई से 22 जून**

सिफारिश से काम बनाने की कोशिश करेंगे। घर और ऑफिस में समन्वय बनाकर चलें। परिणय चर्चाओं में सफलता से युवा उत्साहित रहेंगे। यात्रा टालें।

शुभ अंक-4, शुभ रंग-सफेद

**कर्क | 23 जून से 21 जुलाई**

बातों-बातों में बड़ा सौदा मिल जाएगा। नए संपर्कों का लाभ मिलेगा। कारोबारी विस्तार की रूपरेखा बनेगी। पारिवारिक आयोजन सुखद रहेंगे। आय बढ़ेगी।

शुभ अंक-7, शुभ रंग-आसमानी

**सिंह | 22 जुलाई से 23 अगस्त**

पुराना विवाद सुलझेगा। प्रॉपर्टी के क्रय-विक्रय से अच्छा लाभ मिलेगा। लेखन-कला से जुड़े लोगों को धन और कीर्ति मिलेगी। धर्म-कर्म में आस्था बढ़ेगी।

शुभ अंक-3, शुभ रंग-नारंगी

**कन्या | 24 अगस्त से 23 सितंबर**

रोक-टोक के चलते काम में दिक्कत आएगी। झूठ सामने आने से नीचा देखना पड़ सकता है। समय पक्ष का है। जरूरी काम पहले करें, फिर सुविधा नहीं मिलेगी।

शुभ अंक-6, शुभ रंग-नीला

**तुला | 24 सितंबर से 23 अक्टूबर**

जोड़-तोड़ कर काम बना लेंगे। सुख-सुविधा पर खर्च करेंगे। प्रियजन से संबंध मधुर होंगे। पारिवारिक आयोजन से प्रसन्नता होगी। लेन-देन में सतर्क रहें।

शुभ अंक-2, शुभ रंग-गुलाबी

**वृश्चिक | 24 अक्टूबर से 22 नवंबर**

विद्यार्थियों को सफलता मिलेगी। काम की अधिकता से व्यस्तता बढ़ेगी। संदेह होने से जरूरी निर्णय लेने में देरी होगी। बनते काम में बाधा से निराश न हों।

शुभ अंक-5, शुभ रंग-पीला

**धनु | 23 नवंबर से 22 दिसंबर**

भाग्योदय संभव है। साझेदारी से लाभ होगा। वाणी पर काबू रखें, विवाद का भय है। जरूरत के मुताबिक योजना में बदलाव कर भारी मुनाफा बनाएंगे।

शुभ अंक-1, शुभ रंग-काला

**मकर | 23 दिसंबर से 20 जनवरी**

इच्छित लक्ष्य हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी। जीवनासाथी की मदद से उलझनें दूर होंगी। आवेश में आने के बजाय नरमी से काम लें।

शुभ अंक-4, शुभ रंग-लाल

**कुंभ | 21 जनवरी से 19 फरवरी**

मेहनत के बल पर कार्यक्षेत्र में वर्चस्व बढ़ेगा। सामाजिक जीवन में प्रतिष्ठा बढ़ेगी। प्रतियोगी परीक्षा में सफलता मिलेगी। मधुर व्यवहार से सबका दिल जीत लेंगे

शुभ अंक-9, शुभ रंग-भूरा

**मीन | 20 फरवरी से 20 मार्च**

लापरवाही की तो साझेदारी में नुकसान होगा। अधिकारियों से काम निकलवा लेंगे। जोखिम से बचें, हानि की आशंका है। तबादले की संभावना बनेगी।

शुभ अंक-3, शुभ रंग-स्लेटी

## क्रॉस वर्ड 3241




### बाएं से दाएं

1. तीक्ष्ण, तेज, प्रचंड (3)
3. विनती, प्रार्थना, आशीर्वाद (2)
5. भाई की पत्नी, भावज (2)
7. भोजन का कौर, ग्रास (2)
8. घुमाना, तनाव में लाना, दुःख पहुंचाना (4)
10. मजबूत एवं हट्टा-कट्टा (3)
12. सरलता, सादापन, आडंबर रहित (3)
13. विवाह पक्का करने की रस्म (3)
14. शाम को किया जाने वाला भोजन (2)
16. आफत, हंगामा, हलचल (4)
17. प्रथम, शुरू का, वर्तमान से पूर्व का (3)
18. भरा हुआ, परिपूर्ण, भरपूर (2)
19. बुरी आदत, लत, पाप, दुराचरण (3)
23. खिसकना, सरकना, स्थगित होना (3)
26. सहायता करने वाला, अधीनस्थ (4)
27. महापुरुष की कब्र, दरगाह (3)
28. छल, धोखा, बनावटी व्यवहार (3)

### ऊपर से नीचे

1. अति प्रसिद्ध, मशहूर (3)
2. झगड़ा, वैर, अति परिश्रम (3)
4. आय, प्राप्ति, नफा, लाभ (4)
5. भड़भूजों की भट्टी (2)
6. बहुत मंद (2)
9. मरीज, बीमार, अस्वस्थ (2)
11. गली की तरह का लंबा सीधा रास्ता (4)
12. शाक, तरकारी (2)
13. मान्य मत, प्रस्ताव, निर्णय (3)
14. विवाहिता (3)
15. कटे हाथ वाला (2)
16. नालायक बेटा (3)
20. धीरे से खिसक जाना, रफूचक्कर होना (4)
21. जल-कल की टोंटी (2)
22. वार, हमला, आक्रमण (3)
24. साहित्यिक रचना, फिल्म आदि का प्रमुख पुरुष पात्र (3)
25. आफत, खतरा, कठिनाई, मुसीबत (3)
26. दंड, बदला, कारावास, जुर्माना (2)

**सही हल- क्रॉसवर्ड 3240**



## हमें बताएं

यदि आपके पास कोई खबर है, या फिर आप अपने आसपास कहीं गलत होता देख रहे हैं या किसी सरकारी विभाग में आपकी सुनवाई नहीं हो रही है तो हमें बताएं।

भास्कर बनेगा 'आपकी आवाज'

(झज्जर) मोबाइल- 9671759998, (बहादुरगढ़- 9671792536) पर करें फोन (10 से 6 बजे) या फिर feedbacktobhaskar@gmail.com पर मेल कर सकते हैं। या सम्पर्क करें- गिरीराज मार्केट, नजदीक बस अड्डा रोड, झज्जर नजफगढ़ रोड, नजदीक बस अड्डा, बहादुरगढ़

---

**प्री मानसून के साइड इफैक्ट** | एक पखवाड़े पहले भट्ठे बंद, बहादुरगढ़ सब्जीमंडी में भरा पानी

# ईंटों के रेट बढ़ने के आसार

भास्कर न्यूज | झज्जर

प्री मानसून की दस्तक से राहत पाए लोग अब ईंटों के रेट बढ़ने से परेशानी में आ सकते हैं। बरसात की रिमझिम होने से 15 दिन पहले ही अपने भट्ठों को बंद करने वाले संचालक अपनी दो क्वालिटी की प्रति हजार ईंट पर एक हजार से लेकर 1800 रुपए रेट बढ़ाने की मंशा में है। इधर समय से पहले भट्ठे बंद होने पर मजदूर परिवार भी अन्य मजदूरी के लिए स्वतंत्र हो गए हैं। वे भट्ठों से रवानगी लेने लगे हैं।

### कच्ची ईंटों को बचाने में लगे भट्ठा संचालक

बता दें कि प्रदेश भर के ईंट भट्ठा उद्योग की तरह झज्जर जिले के भट्ठे भी सुप्रीम कोर्ट के नियमों के फेर के चलते इस साल जनवरी मासांत तक शुरू हो सके थे। लगभग छह माह की बजाए भट्ठे पांच माह तक ही चल सके थे कि प्री मानसून की दस्तक हो गई। ऐसे में झज्जर जिले के 450 में से लगभग सभी भट्ठों पर ईंट निर्माण बंद हो चुका है। जो मिट्टी पथाई के लिए रखी गई थी वो गीली हो चुकी है। भट्ठा स्थल पर जलभराव है। ऐसे में भट्ठा संचालकों ने भट्ठे ही बंद कर देना बेहतर समझा है। दुल्हेड़ा में ईंट भट्ठा चलाने वाले धर्मवीर गुलिया ने बताया कि प्री मानसून के कारण नुकसान हुआ है।



प्री मानसून की आहट से इस तरह ईंटों की सुरक्षा की जा रही है।

▶ सिर्फ झज्जर ही नहीं, बल्कि समूचे प्रदेश में ईंटों के रेट में वृद्धि होने जा रही है। लागत के हिसाब से कहां कितना रेट होगा यह निर्णय जिला ईंट भट्ठा एसोसिएशन लेगी।

**गुलशन नारंग,** अध्यक्ष प्रदेश ईंट भट्ठा एसोसिएशन, रोहतक

### आगे क्या : 15 दिसंबर को शुरू हो जाएंगे भट्ठे

झज्जर ईंट भट्ठा एसोसिएशन के प्रधान महावीर गुलिया का कहना है कि इस साल ईंट भट्ठा उद्योग काफी घाटे में गया है। मजदूरी के नए रेट भी तय किए गए हैं। ऐसे में इस बार ईंट भट्ठों की चिमनियों को ज्यादा देर तक ठंडा नहीं रहने दिया जाएगा। 15 दिसंबर के बाद फिर उत्पादन शुरू करने का फैसला लिया गया है। गुलिया ने इस बात को माना कि समय से पहले भट्ठों में उत्पादन बंद होने से ईंटों के रेटों में वृद्धि होगी।

# चार दिन से व्यापार ठप

भास्कर न्यूज | बहादुरगढ़

शहर की सब्जी मंडी में चार दिनों से व्यापार का ग्राफ आधा रह गया है। इससे परेशान व्यापारियों में रोष व्याप्त है।

दुकानदारों का कहना है कि मंडी के चारों तरफ बरसात का पानी जमा है जिसके चलते घरों से लोग सब्जी मंडी में खरीददारी करने नहीं आ रहे। केवल थोक विक्रेता ही मंडी में पहुंच रहे हैं।

### व्यापारियों में रोष

मंडी के व्यापारी रणबीर सैनी, बालकिशान, नरेश, मामन, शोभराज, बीरबल, शीशराम, देवकी, खजान सैनी, सुभाष व हरि आदि ने बताया कि बरसात के साथ ही व्यापार कम होने से मंडी की सब्जी बेचने के लिए रात तक बैठना पड़ रहा है। जबकि अन्य दिनों में दोपहर कर मंडी में अच्छा व्यापार हो जाता था। दोपहर बाद आढ़ती अगले दिन की तैयारी में लग जाते थे। अब बरसात का पानी चारों तरफ एकत्र होने से शहर के लोग बाजार से ही सब्जी आदि की खरीद कर रहे हैं व मंडी की तरफ नहीं आ रहे। मंडी में आने के लिए बरसात के जमा पानी से गुजरना पड़ता है।

### सीवर व्यवस्था चौपट

मंडी के बाहर सीवर व्यवस्था चौपट होने से मंडी परिसर में जा रहे बरसाती पानी की निकासी का काम नहीं हो रहा। इसी तरह से नगर परिषद द्वारा तैयार किए गए नालों से भी यह पानी बाहर नहीं जा पा रहा। सब्जी मंडी में पानी निवासी की जिम्मेदारी मार्केट कमेटी की है, लेकिन उसके अधिकारी भी यहां सफाई व पानी निकासी की व्यवस्था नहीं कर पा रहे।

# बच्चों ने रैली के माध्यम से दिया सफाई का संदेश

## निर्मल भारत अभियान के तहत स्कूलों में मनाया स्वच्छता दिवस, ग्रामीणों को बताया महत्व

भास्कर न्यूज | झज्जर

निर्मल भारत अभियान के तहत सोमवार को जिले के विभिन्न स्कूलों में स्वच्छता दिवस मनाया गया तथा इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी हुआ।

जिला विकास अभिकरण द्वारा निर्मल भारत अभियान के तहत स्वच्छता सप्ताह के तहत गांव कोका के प्राइमरी स्कूल में मुख्याध्यापक ओमप्रकाश, सरपंच नरेश और एसएमसी सदस्य विनोद के मार्गदर्शन में कार्यक्रम किया गया। खंड मौलिक शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार ने कार्यक्रम का निरीक्षण किया और ग्रामीणों को जीवन में स्वच्छता के महत्व से अवगत भी कराया। इस अवसर पर सुभाष, भंवरजीत, चरण सिंह, प्रवीण, रामफल, धीरज,कमला, नीरज, ओमप्रकाश, कुलदीप , एसएमसी हैड राजकुमार सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### पटासनी में पेंटिंग प्रतियोगिता, पूजा प्रथम

डीआरडीए की ओर से राजकीय स्कूल पटासनी के बच्चों द्वारा प्रभातफेरी निकाली गई। स्कूल हेडमास्टर चंद्रपाल, आंगनवाड़ी वर्कर सूरजमुखी, मुन्नी देवी, रामपाल, रवींद्र, धर्मेंद्र उपस्थित रहे। इस अवसर पर पेंटिंग प्रतियोगिता भी कराई गई जिसमें पूजा ने पहला, पूनम ने दूसरा व दिनेश ने तीसरा स्थान हासिल किया।

अंबोली गांव में डीआरडीए की ओर से पहुंचे रामबीर सिंह ने ग्रामीणों को व्यक्तिगत शौचालय बनवाने के लिए प्रेरित किया। भगत सिंह, रामवीर सिंह, धनपति, कमलेश, निर्मला, अनीता, रतीराम, रमेश, भीमसिंह व जयप्रकाश ने भी ग्रामीणों व बच्चों को साफ-सफाई बारे प्रेरित किया।







1 **झज्जर.** गांव लीलाहेड़ी में स्वच्छता दिवस पर निबंध लिखते विद्यार्थी।
2 **झज्जर.** माछरौली में स्वच्छता दिवस पर रैली निकालते विद्यार्थी।
3 **बेरी.** गांव पलड़ा में स्वच्छता दिवस पर रैली निकालते विद्यार्थी।
4 **झज्जर.** गांव अंबोली में स्वच्छता दिवस पर सफाई करते ग्रामीण।

### ढाकला में बच्चों को जागरूक किया

रावमा विद्यालय ढाकला में मुख्याध्यापक हवासिंह ने बच्चों को स्वच्छता के प्रति जागरुक किया। बच्चों ने प्रभातफेरी के दौरान स्वच्छता संबंधी नारे लगाए। इस अवसर पर रामकिशन, बिजेंद्र कुमार, सुरेश चंद्र, जयवीर, पवन व दिनेश उपस्थित रहे। राजकीय प्राथमिक पाठशाला कुलाना में सरपंच श्यामो देवी ने स्वच्छता अभियान की रैली को हरी झंडी दिखाई। स्कूल की अध्यापिका बबीता ने बच्चों को साफ-सफाई बारे प्रेरित किया। ग्राम सचिव प्रवीन कुमार, प्रीतम, रामकिशन, रंगलाल, दयावती, मायादेवी, सरला, सरोज देवी उपस्थित रही।

### गंदगी से संक्रमण का खतरा

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डीघल में प्राचार्य डॉ. सत्यपाल ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए आस-पड़ोस व ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरुक करने के लिए प्रेरित किया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी दिनेश कुमार ने कहा कि जहां गंदगी होगी वहां संक्रमण फैलने का खतरा बना रहेगा इसलिए सभी को चाहिए कि वे सफाई का विशेष ध्यान रखें। बिलोचपुरा के विद्यालय में मोटिवेटर आरके नंदा ने बच्चों को सफाई के घटकों बारे बताया व प्रभातफेरी निकाली। स्कूल के मुख्याध्यापक प्रवेश कुमार, अनीता, मंजू, सुनीता, सरपंच महीपाल, सुरेंद्र भी इस अवसर पर मौजूद रहे। रावमावि सिलानी में विद्यालय के प्राचार्य जलकरण के निर्देशन ने प्रभातफेरी निकाल कर लोगों को जागरुक किया। प्रभातफेरी गांव की मुख्य गलियों व चौराहों से होती हुई स्कूल परिसर में जाकर संपन्न हुई। राजकीय विद्यालय सुर्खपुर में स्वच्छता अभियान के तहत पेटिंग, निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तथा प्रभातफेरी निकाली गई। स्कूल हेडमास्टर सुरेश चंद्र, वीरशेन शास्त्री, जोगेंद्र, तसवीर, विनोद, कृष्णा, दीपक, सविता, संतोष, बिमला, निशा, ग्राम सरपंच कमलेश देवी, वेदप्रकाश सहित कई व्यक्ति उपस्थित रहे।

### माछरौली में जगाई अलख

रावमा विद्यालय माछरौली में प्राचार्य सतबीर सिंह की अध्यक्षता में स्कूली बच्चों द्वारा प्रभातफेरी निकाली गई। प्रभातफेरी के दौरान बच्चों ने सफाई व्यवस्था बनाए रखने को लेकर नारे लगाए तथा लोगों को जागरुक किया। प्रभातफेरी गांव के मुख्य चौराहों व गलियों से होती हुई वापस स्कूल परिसर में जाकर संपन्न हुई। इस अवसर पर पोस्ट मेकिंग प्रतियोगिता प्रतियोगिता भी हुई। इसमें मुकुंदलाल ने पहला, अन्नु ने दूसरा व रोशनी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

रावमा विद्यालय पलड़ा में डिप्टी डीईओ सीपी दलाल, स्कूल प्राचार्य बलवान सिंह व ग्राम सरपंच गीता देवी के पति रतनलाल ने जागरुकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रभातफेरी के दौरान स्कूली बच्चों ने ग्रामीणों को खुले में शौच न जाने, निजी शौचालय बनवाने के लिए जागरुक किया। इस अवसर पर पंचायत सदस्य सूबेदार मैनपाल, करण सिंह, सुरेश कुमार, महेश शर्मा उपस्थित रहे।

### वाद-विवाद में ज्योति अव्वल

रावमा विद्यालय मुंडाहेड़ा के विद्यार्थियों ने प्रभातफेरी निकलकर स्वच्छता संदेश दिया तथा इस अवसर पर हुई वाद-विवाद प्रतियोगिता, पेंटिंग व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में भागीदारी की। वाद-विवाद में कुमारी ज्योति प्रथम, बबलू यादव द्वितीय रहा। निबंध प्रतियोगिता में कुमारी शबनम प्रथम, कुमारी सोनिया द्वितीय रही। पेंटिंग प्रतियोगिता में कुमारी सुषमा ने पहला व कुमारी हेमलता ने दूसरा स्थान हासिल किया। पोस्टर मेकिंग में कुमारी एकता ने पहला, कुमारी पूजा दूसरे स्थान पर रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यकारी प्राचार्य राजेंद्र सिंह ने की। मास्टर राजवीर सिंह, संजय कुमार, शशी कुमार, चरण सिंह, रामेहर सिंह, जयभगवान, अजीत सिंह उपस्थित रहे।

# सनसिटी प्लाटधारकों को कब्जे मिलने शुरू

## रोहतक को मॉडल शहर बनाने की दिशा में बड़ा कदम

**रोहतक** | रोहतक को मॉडल शहर बनाए जाने की दिशा में सनसिटी ने एक बड़ा कदम बढ़ाते हुए सेक्टर 34 और 35 के प्लाटधारकों को कब्जे देने शुरू कर दिए हैं। इस दिशा में तेजी से काम बढ़ाते हुए सनसिटी ने प्लॉटधारकों से संपर्क करना भी शुरू कर दिया है। सनसिटी के प्रवक्ता ने बताया कि प्लॉटधारकों को कब्जे देने की प्रक्रिया में तेजी लाई जा रही है। उन्होंने बताया कि असंतुष्ट ग्राहकों की मांगों के मद्देनजर अब कंपनी उन्हें प्राथमिकता के आधार पर कब्जे दे रही है। साथ ही, इस प्रोजेक्ट के तहत दी जाने वाली मूलभूत सुविधाओं को एक-एक कर पूरा किया जा रहा है। गौरतलब है कि पिछले साल खबरें आईं कि कंपनी अपने धारकों को प्लॉट देने में देरी कर रही है।

**सेक्टर-34 व 35 को देंगे प्राथमिकता :** सनसिटी रोहतक प्रोजेक्ट से जुड़े कंपनी के एक मुख्य अधिकारी ने बताया कि सेक्टर-34 व 35 के निवेशकों को प्राथमिकता के आधार पर कब्जा देने का निर्णय लिया है। इसके बाद, सेक्टर-36 के प्लाटधारकों को प्लाट दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि रेवाड़ी टाउनशिप की तर्ज पर शहरवासियों को मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी।

# शिविर में विद्यार्थियों को सीखाए चरित्र निर्माण के गुर

**झज्जर** | गांव खेड़ी आसरा योग व चरित्र निर्माण शिविर के तीसरे दिन का शुभारंभ ब्रह्माजीत आर्य ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। शिविर में प्रतिदिन योगासन, प्राणायाम, यौगिक क्रियाओं के साथ हवन भी करवाया जा रहा है। शिविर में बौद्धिक प्रशिक्षण देते हुए आचार्य सत्यवीर प्रेरक ने कहा कि विद्यार्थियों के साथ-साथ ग्रामीणों के चहुंमुखी विकास के लिए स्वास्थ्य व चरित्र निर्माण विषयों पर विशेष जागरूक करने की आवश्यकता है। इसलिए हम स्वास्थ्य निर्माण, नसों से दूर रहना, मांस, भक्षण के दोष आदि पर विशेष बल दे रहे हैं। ब्रह्मजीत आर्य ने कहा कि नौजवान व बच्चे समाज की सच्ची पूंजी हैं। रामदेव शास्त्री, प्रवीण शास्त्री, रामकुमार पुरोहित ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर खेम सिंह, राजेंद्र सिंह, दलेल आर्य, नरसिंह आर्य, योगेश, सुधीर, परमजीत मौजूद रहे।

# कन्या भ्रूण हत्या रोकने की दिलाई शपथ

**झज्जर** | वैदिक सत्संग मंडल एवं यज्ञ समिति के संयुक्त तत्वावधान में बेटी बचाओ अभियान के तहत सोमवार को यज्ञ किया गया। वैदिक सत्संग मंडल अध्यक्ष रमेश चन्द्र कौशिक ने मुख्य वक्ता की भूमिका निभाते हुए बताया कि टीला मोहल्ला में मंडल द्वारा आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता वेदप्रिय ने की। यजमान की भूमिका रविन्द्र सिंह व सर्वेश ने निभाई। यज्ञ ब्रह्मा का कार्य कुमारी नम्रता ने किया। इस मौके पर सुभाष आर्य ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। कौशिक ने बताया कि मंडल व यज्ञ समिति ने टिल्ला मोहल्ला, भट्ठीगेट व कच्चा बाबरा रोड़ पर तीन संस्कार शाखाएं चल रही हैं। कार्यक्रम में नमृता, कोमा, काजा, कंचन, प्रीती, स्वीटी, सतीश, दिव्या, ध्रूव राघव, केशव, देवेन्द्र, हिमांशु, तरूण, आदि बच्चों को सतीश रोहिल्ला द्वारा संगीत शिक्षा दी।

# गुड़गांव शीतला माता मंदिर से महिला लापता

**बेरी** | गुडगांव स्थित शीतला माता मंदिर में दर्शन के लिए गई एक 32 वर्षीय महिला के गुम हो जाने का मामला प्रकाश में आया है। बेरी के वार्ड 6 निवासी महिला की शिकायत पर गुडगांव पुलिस ने मामला दर्ज कर गुमशुदा की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बेरी निवासी राजबाला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने परिवार के साथ 28 मई को शीतला माता के दर्शन के लिए गुडगांव गई थी। उसके साथ उसकी पुत्री भी गई हुई थी। राजबाला ने बताया कि उसकी पुत्री की दिमागी हालत ठीक नहीं थी। वह मंदिर परिसर पर ही गुम हो गई। उन्होंने काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नही लगा। महिला राजबाला की शिकायत पर गुडगांव पुलिस ने गत 13 जून को मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

**Name Change**

I, Manoj Khandelwal S/o Shri Lekh Ram R/o H.No. 470, Sector-7, Housing Board Colony, Bahadurgarh Distt. Jhajjar, Haryana Solemnly declare that I have changed my name from Manoj to Manoj Khandelwal. So now I may be known and called by name Manoj Khandelwal for All purposes in future. the Manoj and Manoj Khandelwal is same person.

**बेदखली सूचना**

मैं बंशीलाल पुत्र श्री सतनारायण निवासी गांव औरंगपुर तहसील व जिला झज्जर अपने हल्फ से बयान करता हूं कि मेरी पुत्री कुमारी पूनम 18.05.2013 को मुझसे बगैर बताए घर से कहीं चली गई। उसकी 21.05.2013 को शादी निश्चित की गई थी। उसके इस कदम के कारण मैं उसे अपनी चल-अचल संपति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उसके साथ किसी भी प्रकार का लेन-देन व व्यवहार रखने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। इसमें मेरी व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों की जिम्मेवारी न होगी।

ताकत का 7 दिन वाला कोर्स लें!
098120-43648, 092543-00322
नसों का ढीलापन, कम-निल शुक्राणु, अविकसित अंग, धात, शीघ्रपतन
जुनेजा फार्मेसी दिल्ली वाले

नकलचियों से बचें फोन करके मिलें
सैक्स समस्याएं-मर्दों के रोग
ताकत का 7 दिन वाला कोर्स लें!
98120-90910
डा. जुनेजा
झज्जर : हर सोमवार व बुधवार, PNB बैंक के साथ चौबारे पर, सामने बस स्टैंड, 10 से 5

**भास्कर classified**

**आवश्यकता**

तुरंत नौकरी लिमिटेड कंपनी
डायरेक्ट भर्ती
सुपरवाईजर
हैल्पर
आफिस स्टाफ
(अनपढ/इन्टर/ग्रेजुएट)
वेतन:-17450-69000
खाना+रहना+बोनस+मोबाईल सुविधा
दिल्ली
09953924112
09873980215

शीघ्र जरूरत है कुवैत में
बहुत बड़ी कंपनी को इंडियन लाईसेंस वाले 500 लाईट ड्राईवरों की अतिशीघ्र जरूरत है। इंटव्यु यमुनानगर में चल रहे हैं।
पासपोर्ट होल्डर शीघ्र सम्पर्क करें:-
097290-61207

**विविध**

**फाइनेंस**

नकलचियों एवं धोखेबाजों से सावधान
एक बार सेवा का मौका अवश्य दें।
USHA फाइनेंस कम्पनी
सन् 1972 से भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
नो फाईल चार्ज, नो गारंटर
मार्कशीट लोन | प्रोप्टी लोन
एग्रीकल्चर लोन | पर्सनल लोन
व्हीकल लोन | ईंट भट्ठा लोन
मात्र 12 से 36 घंटों में घर बैठे पाएं।
पांच लाख से भी ज्यादा संतुष्ट ग्राहक
ब्याज : 1%, छूट : 50%
09560624953
09560625094

Notice : Ads have not been verified factually and Bhaskar does not stand responsible for the sales propositions.

**विविध**

**फाइनेंस**

नकलचियों एवं धोखेबाजों से सावधान
महिलाओं एवं विकलांगों के लिए विशेष छूट
महादेव फाईनेंस कम्पनी
नो फाईल चार्ज, नो गारंटर
मार्कशीट लोन | प्रोप्टी लोन
एग्रीकल्चर लोन | पर्सनल लोन
व्हीकल लोन | ईंट भट्ठा लोन
मात्र 24 घंटों में घर बैठे पाएं।
5 लाख से ज्यादा संतुष्ट ग्राहक
ब्याज : 1%, छूट : 50%
08295701986
09017499470

एक बार सेवा का मौका अवश्य दें।
ओरियंटल फाईनेंस कम्पनी
25 वर्षों से भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
मार्कशीट लोन | प्रोप्टी लोन
एग्रीकल्चर लोन | पर्सनल लोन
व्हीकल लोन | ईंट भट्ठा लोन
मात्र 12 से 36 घंटों में घर बैठे पाएं।
हमारा उद्देश्य : ग्राहक की संतुष्टि
ब्याज : 2%, छूट : 40%
08267889046
09536134329
-: एजेंट आमंत्रित :-

नकलचियों एवं धोखेबाजों से सावधान
महिलाओं एवं विकलांगों के लिए विशेष छूट
आजाद फाईनेंस कम्पनी
सन् 1975 से भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
नो फाईल चार्ज, नो गारंटर
मार्कशीट लोन | प्रोप्टी लोन
एग्रीकल्चर लोन | पर्सनल लोन
व्हीकल लोन | ईंट भट्ठा लोन
मात्र 12-36 घंटों में घर बैठे पाएं।
5 लाख से भी ज्यादा संतुष्ट ग्राहक
ब्याज : 1%, छूट : 40%
09654826789
09971745463
-: एजेंट आमंत्रित :-

विज्ञापन बुकिंग के लिए संपर्क करें।
झज्जर, बहादुरगढ़ फोनः 98120-52456 बेरी, सालावास 98131-85033